हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 3 अप्रैल 2025

04 गणगौर महोत्सव पर नगर में निकला ...



07 मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव...





## खबर संक्षेप

### आज कई क्षेत्रों में 2 घंटे बंद रहेगी बिजली

**विदिशा।** वाटर वर्क्स फीडर पर मेंटनेंस के कार्य के चलते आज 11 से 1 बजे तक शहर के कई क्षेत्रों में बिजली सप्लाई बंद रहेगी। मेंटनेंस के चलते डंडापुरा, बस स्टैंड, पानबाग, शंकर नगर, बांसकुली, मयूर चैनल वाली गली, बाजाली एक्लैब, सांची रोड, सिंधी कॉलोनी, खाई रोड, बक्सरिया, पेढ़ी चौराह, चौपड़ा मोहल्ला, शिवाजी चौक, सब्जी मंडी में 2 घंटे के लिए बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

### दुधारू गाय पुरस्कार योजना: आवेदन 4 तक

**विदिशा।** दुधारू गायों के लिए पुरस्कार योजना के लिए आवेदन 4 अप्रैल तक किए जा सकते हैं। भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गाय जिसका प्रतिदिन दुग्ध उत्पादन 6 लीटर या उससे अधिक है वे आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रारूप विदिशा, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, हैदरगढ़, शमशाबाद, नटेरन, बासौदा, रसूलपुर, कुरवाई, भौरासा, पठारी, सिरोंज, लटेरी पशु चिकित्सालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। प्रथम पुरस्कार 51 हजार, द्वितीय 21 हजार तथा तृतीय पुरस्कार 11 हजार दिया जाएगा।

### ऑटो से मारी टक्कर तीन माह की सजा

**विदिशा।** न्यायालय नंदिनी शुक्ला न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने तेजी व लापरवाही पूर्वक ऑटो चलाकर, टक्कर मारकर चोट पहुंचाने वाले आरोपी मलखान मैथिल को 3 माह की सजा सुनाई। फरियादी 9 अगस्त 2017 को बहन के बच्चे का मुंडन कराने बाइक से बेतवा नदी जा रहा था। रामलीला रोड पर सामान लेने के रुका तो बहन सड़क किनारे खड़ी हो गई। तभी बिना नंबर के ऑटो चालक ने बहन को टक्कर मार दी थी। टक्कर लगने से उसकी बहन रोड पर गिर गई और उसे चोटें आईं थीं।

### 731.36 करोड़ रुपए से राहतगढ़ बाईपास बनेगा

**विदिशा।** सांसद सागर डॉ लता वानखेड़े के अनुरोध पर केंद्रीय



सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राष्ट्रीय राजमार्ग-146 पर 731.36 करोड़ की लागत से राहतगढ़ बाईपास को स्वीकृति दी है। यह 10 किमी की सड़क रहेगी। यह बाईपास भोपाल-सागर फोर लेन का महत्वपूर्ण हिस्सा होगा। इस परियोजना से राहतगढ़ शहर की घनी आबादी को राहत मिलेगी।

### परशुराम जयंती को लेकर बैठक आज होगी

**विदिशा।** ब्राह्मण महापंचायत, परशुराम सेवा दल, युवा ब्राह्मण विकास परिषद द्वारा आगामी अक्षय तृतिया 30 अप्रेल को भगवान परशुराम जयंती मनाने के संबंध में चौबे जी के मंदिर प्रांगण पर बैठक आज शाम 4 बजे रखी गई।

### योजना की तिथि बढ़ी 15 तक करें आवेदन

**विदिशा।** भारत सरकार की प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना में पंजीयन करने हेतु कारपोरेट कार्य मंत्रालय के पोर्टल (https://pminternship.mca.gov.in/login) के माध्यम से 15 अप्रैल तक आवेदन किया जा सकता है।

# कलेक्टर बने 'मास्साब'

## जीवन में नियमों के पालन पर दिया जोर, छात्राओं से कहा: शिक्षित होने से जीवन में बदलाव आते हैं, सामाजिक प्रसिद्धि और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते हैं कदम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा**

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह अच्छे कलेक्टर तो हैं ही अच्छे शिक्षक भी हैं। बुधवार को उन्होंने करीब पौन घंटा शेरपुरा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं को न सिर्फ पढ़ाया बल्कि जीवन में शिक्षा के महत्व के बारे में भी बताया। शासकीय स्कूलों में भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत कलेक्टर स्कूल पहुंचे थे। कलेक्टर ने छात्राओं को समझाया कि जीवन में शिक्षित होने से बदलाव आते हैं। सामाजिक प्रसिद्धि और आत्म निर्भरता की ओर कदम बढ़ते हैं। कलेक्टर ने 10वी और 12वीं कक्षा के नवप्रवेशीय छात्राओं से बात की।

उन्होंने छात्राओं के बौद्धिक स्तर को जाना। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि स्कूलों में पढ़ने के दौरान जो ज्ञान प्राप्त होता है वहीं हमारे शैक्षणिक जीवन का आधार बनता है। उन्होंने कहा कि ज्ञान के साथ-साथ अपने कौशल काबिलियत को विकसित करने में स्कूलों की भी महती भूमिका है। उन्होने समझाया कि शिक्षा का महत्व जीवन में नकारा नहीं जा सकता है शिक्षा ही हमें अनेक बौद्धिक स्तरों के शिखरों पर पहुंचाती है।

**भविष्य से भेंट कार्यक्रम:** कलेक्टर ने शेरपुरा स्कूल में पहुंचकर छात्राओं का मार्गदर्शन किया



विदिशा। भविष्य से भेंट कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को समझाते हुए कलेक्टर।

### जीवन में नियमों के पालन पर दिया जोर

छात्राओं को पढ़ाते हुए कलेक्टर ने कहा कि जीवन में नियमों का पालन करें। पढ़ाई और ज्ञान जहां भी मिले उसे आत्मसात करें। आइएएस परीक्षा के बारे में भी छात्राओं को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ज्ञान कभी बेकार नहीं जाता। किसी भी क्षेत्र में ख्याति अर्जित कर सकते हैं बस आत्मविश्वास नहीं डगमगाना चाहिए। मेहनत, अभ्यास, पढ़ाई, ज्ञान ये सब हमारे उद्धेश्यों की प्राप्ति की महत्वपूर्ण कड़ी हैं।

### 37 अधिकारियों को स्कूल आवंटित

कलेक्टर रौशनकुमार सिंह ने जिले में नवप्रवेशीय छात्रों के मोटिवेशन व बुनियादी आवश्यकताओं की जानकारियां प्राप्त करने जिले के 37 अधिकारियों को स्कूल आवंटित किए हैं, जो शाला में पहुंचकर एक पीरियड बच्चों से संवाद करेंगे। कुरवाई में 3, ग्यारसपुर के लिए 5, नटेरन के लिए 7, बासौदा के लिए 8, लटेरी के लिए 3, विदिशा के लिए 9 तथा सिरोंज के लिए 2 अधिकारी नियुक्त किए हैं।

# महाकाल लोक की तर्ज पर सिरोंज में महामाई लोक कॉरिडोर बनने की संभावनाएं: कलेक्टर

## विधायक उमाकांत शर्मा के साथ कलेक्टर, एसपी ने लिया जायजा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा**

डांग वाली महामाई के दरबार में आयोजित हो रहे 15 दिवसीय चैत्र नवरात्रि मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लेने बुधवार को कलेक्टर रौशन कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ग्राम वीरपुर स्थित महामाई मंदिर पहुंचे।

मेले के समापन पर होने वाले विशाल भंडारे की तैयारियों व अन्य व्यवस्थाओं के लेकर बैठक की गई। महामाई मंदिर के प्रधान पुजारी आचार्य पंडित नलिनीकांत शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुई बैठक में विधायक उमाकांत शर्मा ने मेले की तैयारियों में प्रशासन के मिल रहे भरपूर सहयोग की सराहना की। सिरोंज लटेरी के प्राचीन धार्मिक स्थलों के विकास तीर्थ एवं मेला विकास प्राधिकरण से विस्तृत कार्य योजना बनवाकर महामाई मंदिर, बाबा विश्वनाथ मंदिर देवपुर, सियाराम बाबा की तपोस्थली आमझिर तथा बड़ी मदागन को तीर्थ क्षेत्र घोषित करवाने में प्रशासनिक सहयोग की बात कही।

विधायक श्री शर्मा ने मेले के समापन वाले दिन भीड़ की सुरक्षा एवं यातायात के प्रबंध के लिए भी ध्यान आकर्षित कराया। बैठक में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि जिले के इस मेले में सारी व्यवस्थाएं चाक चौबंद हैं, जो कुछ नाममात्र की कमियां हैं वह पूरी कर दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि महामाई मंदिर परिसर में विकास की अनेक संभावनाएं हैं। अधिकारियों ने महामाई मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना भी की।



विदिशा। मेले की तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक में पहुंचे कलेक्टर-एसपी।

### मास्टर प्लान के लिए एक्सपर्ट की टीम भेजेंगे कलेक्टर

कलेक्टर ने कहा कि यहां के समग्र विकास के लिए एक मास्टर प्लान तैयार करवाने की आवश्यकता है। शासन के सहयोग से उज्जैन के महाकाल लोक की तर्ज पर हम यहां के विकास एवं सौंदर्य के लिए महामाई लोक कॉरिडोर कल्पना कर सकते हैं। में जल्द ही यहां एक एक्सपर्ट की टीम को भेजूंगा जो समिति के सदस्यों से चर्चा एवं स्थल का अवलोकन कर इस क्षेत्र के विकास की योजना तैयार कर मास्टर प्लान बनाएंगे। इसमें हम मध्यप्रदेश तीर्थ, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग का भी सहयोग लेने का प्रयास करेंगे तथा बजट आवंटन अनुसार इस क्षेत्र कॉरिडोर बनाने के विकास की दिशा में काम करेंगे।

### बिजली कंपनी के अफसरों को नोटिस

बैठक में बिजली कंपनी के अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में एसपी रोहित काशवानी ने पुलिस प्रशासन को मेले में होने वाली मोबाइल चोरी एवं वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सिविल ड्रेस में भी जवानों की तैनाती करने की बात कही। वहीं एसडीआरएफ की टीम तैनाती करने की बात कही। उन्होंने खोया पाया विभाग बनाने के साथ मेले में सुरक्षात्मक सूचना बैनर एवं पार्किंग क्षेत्र में सीसी टीवी कैमरे लगवाने के भी निर्देश दिए। विधायक शर्मा ने कलेक्टर एवं एसपी का माता की चुनरी उड़ाकर स्वागत सम्मान किया।

*15 अप्रैल तक चलेगा विशेष अभियान*

# यातायात नियम तोड़ने वाले 29 वाहन चालकों से 12 हजार वसूले



विदिशा। अभियान के दौरान कार्रवाई करते हुए यातायात पुलिस के अधिकारी।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा**

15 अप्रैल तक यातायात नियम तोड़ने वालों की खैर नहीं। सुप्रीम कोर्ट की रोड सेफ्टी कमेटी के निर्देश पर यातायात पुलिस ने अभियान शुरू कर दिया है।

एसपी रोहित काशवानी के निर्देश पर बिना हेलमेट, ओवर स्पीडिंग और शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच कर रही है। साथ ही बिना पीयूसी सर्टिफिकेट, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, फिटनेस और बीमा वाले वाहनों पर भी कार्रवाई की जा रही है।

यातायात पुलिस अब तक 29 वाहनों पर चालान की कार्रवाई कर उनसे 12,200 रुपए का शमन शुल्क वसूला गया। प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं और मृत्यु की बढ़ती संख्या को देखते हुए यह अभियान शुरू किया गया है।

# घर में रखी अवैध सागौन जब्त

## सागौन चरपट 18 नग और गोल चार नग जब्त



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर**

ग्यारसपुर वन परिक्षेत्र से ग्राम मनोरा में घर पर अवैध रूप से रखी सागौन की चरपट लकड़ियों को वन विभाग के अमले ने जब्त किया है। आरोपी पर वन अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई है।

वन परिक्षेत्र अधिकारी मुस्कान शिवहरे ने बताया कि वन मंडल अधिकारी हेमंत यादव के मार्गदर्शन में ग्यारसपुर के अंतर्गत ग्राम मनोरा में मुखबिर की सूचना पर परिक्षेत्र सहायक मुकेश शर्मा वन स्टॉप द्वारा मेहरबान अहिरवार के घर पर अवैध रूप से रखी सागौन चरपट 18 नग सागौन गोल चार नग सागौन को जब्त किया गया है। कार्रवाई के दौरान जगमोहन विश्वकर्मा बीट गार्ड औलिंजा राहुल भार्गव बीट गार्ड मनोरा, गौरव सोनी बीट गार्ड गुफा मासेर, प्रिया कुशवाह वनरक्षक जसवंत साहू वनरक्षक आदि इस दौरान उपस्थित रहे।

### ऑडिटोरियम में लगेगा स्कूली किताबों का 3 दिवसीय मेला

**विदिशा।** जिला प्रशासन और विदिशा पुस्तक एवं स्टेशनरी विक्रेता संगठन के संयुक्त तत्वाधान में ऑडिटोरियम भवन में आज से स्कूली किताबों का मेला शुरू हो रहा है। जिसका उद्घाटन व्यापार महासंघ के अध्यक्ष मुन्नालाल जैन, अनाज तिलहन संघ के अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी, पूर्व व्यापार महासंघ के अध्यक्ष राजेश जैन, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की मौजूदगी में शाम 4 बजे से किया जाएगा। पुस्तक मेला रात 8 बजे तक चलेगा। नगर के सभी स्कूलों की किताबें एक ही स्थान पर पालकों को प्राप्त होगी। संगठन के अध्यक्ष दिलीप कमरानी ने बताया है कि मेले में नगर के सभी पुस्तक विक्रेताओं ने अपना स्टाल बुक कराया है और पालकों को सभी स्कूलों की पुस्तक उपलब्ध कराने की बात कही है। इस मेले से पालकों के मन में पुस्तक विक्रेताओं के लिए जो गलतफहमी रहती है उसका समाधान हो सकेगा। उन्हें उचित दर पर एक ही स्थान पर शिक्षण सामग्री प्राप्त हो सकेगी।

### देवर ने भाभी के साथ किया दुष्कर्म, जेल भेजा

**हैदरगढ़।** मोहम्मदगढ़ में सोमवार मंगलवार देर रात एक महिला के साथ रिश्ते के देवर ने दुष्कर्म कर दिया। घटना के बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने तत्काल प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। आरोपी राकेश को पास के गांव खिरिया जागीर से घटना के 12 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# तालाब में श्रमदान करने पहुंचे विधायक सूर्यप्रकाश मीणा

**विदिशा।** जोहद गांव के प्राचीन तालाब में श्रमदान कर गहरीकरण किया जा रहा है। शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने भी पहुंचकर श्रमदान किया। इस कार्य में ग्रामीण नागरिकों ने भी श्रमदान कर आहुतियां दी है। इस दौरान जनपद सीईओ जितेंद्र धाकरे, तहसीलदार आनंद जैन, जन अभियान परिषद से ब्लॉक समन्वयक भीकम सिंह दांगी, नटेरन नवांकुर संस्था अध्यक्ष विनोद



कुशवाह, किशनपुर नवांकुर संस्था गोविंद शर्मा, मेंटर गौरव सक्सेना, प्रवीण शर्मा, योगेंद्र किरार, सत्येंद्र श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।




नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

# सिंहस्थ 2028 के लिए गीत रिलीज, विदिशा के साहित्यकार आलोक श्रीवास्तव ने लिखा, गायक कैलाश खेर ने गाया है

## मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से गीत की टीम को दी शुभकामनाएं दी


**हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा**

सिंहस्थ 2028 का एंथम" रिलीज़ हो गया है। उज्जैन में प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने एक भव्य ड्रोन शो के दौरान सिंहस्थ के इस विशेष गीत को रिलीज़ किया।

मशहूर गायक पद्मश्री कैलाश खेर ने गाये इस गीत को विदिशा के गीतकार व साहित्यकार आलोक श्रीवास्तव ने लिखा है और मशहूर संगीतकार क्षितिज तारे ने इसका संगीत दिया है। ग़ौरतलब है कि तीनों कलाकारों की इसी तिकड़ी ने




हाल ही में "महाकुंभ 2025 का ऑफ़िशियल एंथम" भी तैयार किया था, जो बहुत ही लोकप्रिय हुआ था। सिंहस्थ 2028 के इस एंथम से प्रभावित प्रदेश के मुख्यमंत्री ने गीत से जुड़े तीनों कलाकारों कैलाश




खेर, आलोक श्रीवास्तव व क्षितिज तारे को इस प्रभावशाली गीत के लिए बधाई दी और लिखा कि "सिंहस्थ 2028 की आध्यात्मिक भव्यता को सुरों और शब्दों में गीत के माध्यम से पिरोने वाली टीम को हार्दिक शुभकामनाएं।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-4051
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2300
उच्चतम भाव- 2900
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2300
उच्चतम भाव- 2370
चना
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-5681
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3750
उच्चतम भाव-3955
धान
न्यूनतम भाव-1100
उच्चतम भाव-2681
बटरी
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-4510
अलसी
न्यूनतम भाव-5550
उच्चतम भाव-5600
मसूर
न्यूनतम भाव-5550
उच्चतम भाव-6200
उड़द
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-4800
सरसों
न्यूनतम भाव-4450
उच्चतम भाव-6490
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2590
उच्चतम भाव-4512

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मंडी में 40685 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### जांच में अंतर पाए जाने पर कांटा किया सील



**गंजबासौदा।** बुधवार को मंडी व्यापारी एवं प्रशासन के समक्ष 4 नंबर काटे की जांच की गई। इस दौरान तौल करने कर पश्चात अंतर पाया गया। जिसके बाद प्रशासन से बोलकर कांटा सील करने की मांग की गई और प्रशासन ने मांग को स्वीकार करते हुए कांटा सील करने की कार्रवाई की गई। जिसके बाद अनाज एवं तिलहन व्यापारी संघ द्वारा मंडी सचिव को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि कृषि उपज समर्थन मूल्य से नीचे विक्रय नहीं किया जाऐ एवं स्थिति स्पष्ट की जाऐ कि व्यापारी समर्थन मूल्य से नीचे कोई भी कृषि उपज क्रय कर सकता है या नहीं। जब तक उचित निराकरण नहीं होता व्यापारी किसी भी कृषि उपज को समर्थन मूल्य से कम में क्रय करने में 3 अप्रैल से असमर्थ रहेगा।

### जल चढ़ाने पहुंच रहे श्रद्धालु ....



**गंजबासौदा।** नवरात्रि उत्सव चल रहा है जिसके चलते सुबह के समय श्रद्धालु माता मंदिरों में जल चढ़ाने पहुंच रहे हैं। इस दौरान शीतला शक्तिधाम मंदिर में जल चढ़ाने के बाद अनेक श्रद्धालु हनुमान चौक स्थित मंदिर पर शिवजी का जलाभिषेक कर पूजन अर्चन कर रहे हैं।

## शासकीय उत्कृष्ट उमावि में भविष्य से भेंट कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को शासकीय उत्कृष्ट उमावि में स्कूल चलो प्रवेश उत्सव के दूसरे दिन भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित किया गया।

नोडल अधिकारी होमगार्ड के जिला कमांडेंट मयंक जैन के साथ ही प्लाटून कमांडर रश्मि दुबे भी उपस्थित रही। सर्वप्रथम नोडल अधिकारी जिला कमांडेंट जैन, प्लाटून कमांडर रश्मि दुबे, प्रभारी प्राचार्य अनिल दुबे ने विद्या की देवी मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। तत्पश्चात प्रभारी प्राचार्य दुबे ने जिला कमांडेंट का तथा कंचन शर्मा, रुचिता यादव ने प्लाटून कमांडर रश्मि दुबे का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। अपने संबोधन में जिला कमांडेंट जैन ने नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करना तथा अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसे लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कठिन परिश्रम करने की बात कही।

प्लाटून कमांडर रश्मि दुबे ने बहुत ही सरल शब्दों में छात्र-छात्राओं को मोबाइल से दूर रहकर अपनी पढ़ाई करने और शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद गतिविधियों में भी आगे रहकर स्वस्थ रहने की सलाह दी, प्राचार्य अनिल दुबे ने प्रवेश उत्सव तथा भविष्य से भेंट विषय पर प्रकाश डाला एवं सभी छात्र-छात्राओं को अनुशासन में रहकर विद्यालय की प्रत्येक गतिविधि में पूरी लगन से भाग लेने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत श्रीवास्तव ने किया सभी अतिथियों का आभार आलोक नायक ने व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।



### अग्रवाल, मित्तल, माहेश्वरी, राजपूत और मेढ़ क्षत्रिय समाज की महिलाओं ने निकाली शोभायात्रा

# गणगौर महोत्सव पर नगर में निकला भव्य चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर में गणगौर पर्व पर आस्था और परंपरा का अनूठा संगम देखने को मिला, अग्रवाल, मित्तल, माहेश्वरी, राजपूत और मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में गणगौर माता की शोभा यात्राएं निकालीं। महिलाएं माता गणगौर को पूरे श्रृंगार के साथ शाम को शीतला शक्तिधाम प्रांगण में लेकर पहुंची।

जहां पूजन अर्चन कर, मंगल गीत गाकर, झाले दिये, फिर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए पूजा स्थल पर पहुंची। रास्ते पर महिलाओं और युवतियों ने मंगल गीत गाकर, रास्ते भर नृत्य किए। पूरे नगर में भक्ति और उल्लास का माहौल रहा। महिलाओं ने माता पार्वती और भगवान शंकर की पूजा कर अखंड सौभाग्य की कामना की। महिलाएं हाथ ठेला में गणगौर माता की प्रतिमा रखकर चल रही थी। छोटी छोटी बच्चियों ने भी उत्साह से भाग लिया। भजन और गीतों से वातावरण भक्तिमय हो गया। समापन पर भगवान ईशर और माता पार्वती की विशेष पूजा की गई। महिलाओं ने पारंपरिक गीत-संगीत और भजन-कीर्तन के साथ नगर भ्रमण किया। भगवान शिव और माता पार्वती के मंगलमय जीवन की कामना की गई। महिलाएं रंग-बिरंगे पारंपरिक वस्त्रों में शामिल हुईं। बैंड-बाजों की धुन पर अलग-अलग मंडलियों में युवतियों और महिलाओं ने जमकर नृत्य कर धार्मिक वातावरण बना दिया, इस दौरान गणगौर माता की स्तुति की गई। वहां महिलाओं ने गणगौर माता को जल अर्पित कर अखंड सौभाग्य की कामना की। वहीं मसूदपुर जागीरदार परिवार द्वारा गणगौर भगवान की सवारी बड़ी धूमधाम से निकली। गणगौर गौरा पार्वती का स्वरूप का प्रतिवर्ष की तरह यहां एक विशाल मेले का भी आयोजन किया गया। गणगौर भगवान की पूजा करने के बाद यहां पर विशाल चल समारोह निकाला गया। जिसमें आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में दर्शनाभिलाषी एवं धर्म प्रेमीबंधु उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी मसूदपुर के परिवारों ने धूमधाम से पूजा अर्चना कर विधि विधान से चल समारोह निकाला। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए। वहीं ग्राम फूफैर में भी गणगौर माता की शोभायात्रा निकाली गई। जिसे देखने आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी महिला, पुरुष श्रद्धालुगण शामिल हुए। इस मौके पर ग्राम में मेले का आयोजन हुआ जहां विभिन्न खाद्य सामग्री की दुकानें सजी हुई थीं।





## श्रीराम नाम बैंक की पुस्तकों का निःशुल्क वितरण किया जा रहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

श्रीराम नाम बैंक द्वारा गंजबासौदा, कुरवाई, त्योंदा, सिरोंज, लटेरी में श्रीराम नाम लिखने वालों कि संख्या नित्य दिन नए लिखने वाले सदस्य जुड़ते जा रहे हैं। अभी तक राम नाम बैंक से 5000 सदस्य बन चुके है।

जो अयोध्या श्रीराम बैंक अंतर्राष्ट्रीय बैंक में 90 करोड़ राम नाम बैंक में जमा करा चुके हैं। रघुनाथ सिंह रघुवंशी ने बताया कि श्रीराम नाम बैंक एवं राम जन्म भूमि न्यास के अध्यक्ष नित्य गोपाल दास महामंडलेश्वर द्वारा गंजबासौदा आकर बैंक का शुभारम्भ गिरिराज ट्रेक्टर शोरुम पर 2007 में किया था। जब से अब तक 90 करोड़ राम नाम लिखाकर पुस्तकें अयोध्या पहुँचा चुके हैं। जिसमें पचास हजार राम नाम कि पुस्तकें भरकर जा चुकी हैं और अभी तक पचास करोड़ राम नाम लिखकर भक्तों द्वारा राम नाम बैंक गिरिराज परिसर में जमा हो चुकी है। बैंक में नित्य दिन पूजन किया जाता है। बैंक के संस्थापक रघुनाथ सिंह रघुवंशी द्वारा बैंक की एक शाखा सिरोंज में लिंक रोड गिरिराज गार्डन में भी संचालित की जा रही है। जिसमें राम नाम की 23000 पुस्तकें लिखाकर राम नाम बैंक में जमा हो चुकी हैं। सिरोंज बैंक का संचालन गिरिराज रघुवंशी अपने साथी सेटू दादा एवं उनके पिता द्वारा किया जा रहा है।

गंजबासौदा में रघुनाथ सिंह द्वारा बैंक संचालित की जा रही है जिसमें भानु शर्मा, नीलेश पाल, हरिओम रघुवंशी द्वारा बैंक पुस्तकों को जमा करना एवं लिखने वालों का खाता खोलना एवं पास बुक बनाकर दी जाती है। अभी तक कई लोगों द्वारा एक एक करोड़ राम नाम लिखा चुके हैं। जो लोग आने में असमर्थ है वो अपनी प्रति निधि भेजकर पुस्तकें मंगा सकते हैं।

## निःशुल्क नेत्र शिविर में हुई 248 मरीजों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सद्गुरु विज़न सेंटर पर डॉक्टर राजकरण वर्मा एवं डॉ. सौरभ शर्मा, कैंप प्रभारी गोलू राठौर, अक्षय पाल, संतोष नामदेव ने 248 मरीजों के नेत्रों का परीक्षण कर। उन्हें नेत्र रोगों से बचाव के तरीके बताएं और उनसे अनुरोध किया कि वह प्रत्येक माह में अपने नेत्र परीक्षण कराऐं ताकि नेत्रों से होने वाली परेशानियों का सामना न करना पड़े।



इस अवसर पर स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले, भगवान दास साहू, सेवानिवृत्त नागरिक बैंक के सीईओ हरिओम भावसार, मानव अधिकार सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संघठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एके जैन एवं गणेश राम रघुवंशी ने कहा कि स्वर्गीय रणछोड़ दास की कृपा से आनंदपुर ट्रस्ट द्वारा 52000 से अधिक ऑपरेशन निशुल्क किए जाते हैं जो की एक अनुकरणीय उदाहरण है। इस अवसर हेमंत भंडारी, विजय अरोरा, संजीव शर्मा, महेंद्र सिंह सूर्यवंशी, एलएन शुक्ला, सरदार सिंह सिसोदिया सहित अनेक नागरिकगण उपस्थित थे। शिविर में 137 लोगों को दवाइयों का वितरण किया गया वहीं 33 से अधिक लोग मोतियाबिंद के मरीज चिन्हित किए गए, 49 लोगों को चश्मे के नंबर निकालने की सलाह दी गई। वहीं 39 लोगों को ऑपरेशन के पश्चात चश्मे भी प्रदान किए गए।

### बादलों को देख किसानों के माथे पर उभरी चिंता की लकीरें, हार्वेस्टर से कटाई हुई तेज

**गंजबासौदा।** विगत दो तीन दिनों से मौसम में अचानक से बदलाव देखा जा रहा है इस दौरान तेज धूप पड़ने के बावजूद सुबह, शाम घने बादल आसमान में छा रहे हैं। अचानक बारिश की आशंका को ध्यान में रखते हुए किसानों द्वारा हार्वेस्टर की मदद से अपनी गेहूं की फसल कटाई का कार्य तेज गति से कर दिया है। अगर अचानक से बारिश होती है तो किसानों को ज्यादा नुकसान का सामना न करना पड़े एवं समय पर किसानों की कृषि जिंस सुरक्षित स्थानों पर पहुंच सके। वहीं दूसरी ओर मौसम में आए बदलाव के चलते मजदूरों ने की कटाई के दामों में वृद्धि कर दी है पहले की अपेक्षा अब किसानों को ज्यादा मजदूरी देकर अपने फसल की कटाई एवं गहाई करवाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। जिन किसानों की फसलों की अभी तक कटाई नहीं हुई है उन किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई दे रहीं हैं। किसान जल्द से जल्द अपनी फसलों की कटाई के प्रयास में लगे हुए हैं।



### घर-घर अलख जगाने पहुंच रही यात्रा

# गायत्री यज्ञ और दीप यज्ञ से दे रहे संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मातृशक्ति अखंड दीप की 100 वीं सालगिरह के उपलक्ष्य में शांतिकुंज हरिद्वार से पवित्र अखंड ज्योति कलश का आगमन नगर में हो चुका है। इस दौरान वार्ड नंबर 4 में अखंड ज्योति कलश का जगह-जगह आरती कर स्वागत किया गया।

उसके पश्चात खेड़ापति माता मंदिर वार्ड 4 पर दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य यजमान के रूप में महेंद्र दिवाकर व उनकी धर्मपत्नी सुनीता दिवाकर शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य ट्रस्टी श्याम सुंदर माथुर, उपट्रस्टी जयराम अहिरवार, तहसील समन्वयक संगीता शर्मा, गोविंद प्रसाद माथुर , एसके सेनी, बसंत कुमार पांडे, ट्रस्टी महाराज सिंह दांगी, रघुवीर सिंह परिहार, उत्कर्ष दिवाकर, एलआर अहिरवार, विमल सुमन, जगदीश दास बैरागी, सुनील बरसेना, महेश कुमार दिवाकर, राजेश कुमार साहू, सविता साहू शशि बरसेना, पूर्व पार्षद हेमंती अहिरवार, पार्षद नीलू अहिरवार, देवांश प्रभाकर, मनोज अहिरवार, दशरथ अहिरवार एवं अन्य धर्म प्रेमी बंधु शामिल हुए। शहर सहित ग्रामीण अंचलों में पहुंच रही यात्रा ज्योति कलश यात्रा के आगमन पर नगर सहित ग्रामीण अंचलों में खास उत्साह देखा जा रहा हैं। सिरोंज चौराहा पर विराट दीप यज्ञ का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य यजमान पूनम संदीप तिवारी रहे।



## प्रवेश उत्सव में शाला पहुंचा अनाज तिलहन संघ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय प्राथमिक शाला काला पठार में पहला कदम प्रवेशोत्सव में जनभागीदारी के जिलाधीश के अभिनव प्रयोग के तहत अनाज तिलहन संघ के पदाधिकारी पहुंचे और प्रवेश समारोह में अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ भाग लिया। शाला की मूलभूत व्यवस्थाओं को देखकर अनाज तिलहन संघ अध्यक्ष सतीश कटारे ने संबोधित करते हुए कहा की शाला में जिस तरह छात्रों को हर सुविधा उपलब्ध कराई है, वह काबिले तारीफ है। ऐसे कितने शिक्षक हैं जो गरीब एसटी, एससी के छात्रों का इतना ध्यान रखते हैं। शाला की साफ सफाई से लेकर दीवारों की पेंटिग शाला को और आकर्षित करती है। शाला हर दृष्टि से उत्कृष्ट है, प्रधानाध्यापक को जो भी आवश्यकता लगे, हम हमेशा तैयार हैं। अच्छे कार्य में सहयोग करने में हमेशा अनाज तिलहन संघ आगे रहा है। महामंत्री अमित अग्रवाल ने कहा कि हमने ऐसी पहली शासकीय शाला देखी है जिसमें शाला में सुविधाओं के साथ शिक्षकों का योगदान सराहनीय है। यह शाला प्राइवेट शालाओं के मुकाबले पर खड़ी है। हम हमेशा ऐसी शाला के सहयोग के लिए तैयार है।

वहीं जनपद सदस्य अमृंताशु यादव ने शाला प्रभारी अन्य शिक्षकों की प्रसंशा करते हुऐ कहा की ऐसी शाला और उसकी व्यवथाओ में सहयोग के लिए हम सदा ही तैयार रहते हैं, शाला की व्यवस्थाएं खुद बता रही हैं कि इसमें कितनी लगन से कार्य किया गया है। सरपंच अशोक कुशवाह ने भी शाला प्रभारी और समस्त स्टाफ की तारीफ करते हुए ग्राम पंचायत स्तर के किसी भी सहयोग हेतु तत्पर रहने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर शाला प्रभारी ने शाला में पानी की कमी की ओर उपस्थित अतिथियों का ध्यान आकर्षित कराया। अनाज तिलहन संघ ने इस समस्या का हल करने का आश्वासन दिया। अतिथियों द्वारा नवीन प्रवेश लेने वाले कक्षा 1 के छात्रों को किट, इलेक्ट्रिक स्लेट, छात्रों को ड्रेस एवं पुस्तक वितरित की। अनाज तिलहन संघ के अनेक पदाधिकारीगण मौजूद थे।

### प्रतिमा लगाने की मिली सशर्त अनुमति

**गंजबासौदा।** नगर पालिका ने अहिरवार समाज को अंबेडकर चौक पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की नई आदमकद प्रतिमा स्थापित करने की सशर्त अनुमति दे दी है। ज्ञात हो कि पिछले कुछ दिनों पहले अहिरवार समाज ने एसडीएम से शिकायत की थी। वार्ड पार्षद ने इन आरोपों को खारिज करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा था। नगर पालिका अधिकारी ने बुधवार को अहिरवार समाज को अनुमति पत्र जारी कर दिया। इसमें कुछ महत्वपूर्ण शर्तें रखी गई हैं। जिसमें रोटरी के क्षेत्रफल में कोई बदलाव नहीं किया जाऐगा, पुरानी प्रतिमा को राष्ट्रीय महापुरुषों की मर्यादा के अनुरूप हटाया जाएगा, सभी खर्च समिति को वहन करने होंगे, प्रतिमा स्थापना के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और कानूनी प्रावधानों का पालन करना होगा, यातायात बाधित नहीं होना चाहिए, किसी भी प्रकार का विवाद होने पर अनुमति स्वतः रद्द मानी जाएगी आदि शर्तें शामिल हैं।

### आईजा ने कहा- भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक महोत्सव पर शासकीय अवकाश व जैन तीर्थों पर शराब बंदी एवं जैन कल्याण बोर्ड का शीघ्र हो गठन

# मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मिला आईजा का प्रतिनिधि मंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

भोपाल वल्लभ भवन में मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से आल इण्डिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन आईजा का एक प्रतिनिधि मण्डल मध्य प्रदेश के अध्यक्ष डॉ प्रदीप बाफना के नेतृत्व में मिला। तो वही प्रतिनिधि मण्डल में म.प्र आईजा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव जैन सैनानी,देवास के वरिष्ठ आईजा के कार्यकर्ता शन्नी जैन,युवा समाजसेवी आहान जैन सैनानी उपस्थित थें। इस विशेष मौके पर माडव के भाजपा विधायक कालूराम ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतिनिधि मण्डल ने मुख्यमंत्री से विशेष चर्चा में कहा कि जैन समाज के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक दिवस पर प्रदेश में शासकीय अवकाश एंव जैन तीर्थ स्थानो पर पूर्ण रूप से शराब बंदी,जैन समाज के कल्याण बोर्ड के गठन की घोषणा,पत्रकारो पर सरकार द्वारा सुरक्षा के लिए प्रवधान आदि के बारे में जानकारी दी।

मध्यप्रदेश आईजा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप बाफना ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को ज्ञापन सौंपते हुए विशेष चर्चा कि जैनों के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक दिवस पर प्रदेश में शासकीय अवकाश घोषित किया जाए। जबकि राजस्थान व अन्य प्रदेशो में भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याणक पर शासकीय अवकाश के बाद शासकीय व अशासकीय स्कूलो में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश में भी शासकीय अवकाश व समस्त स्कूलो में कार्यक्रमो का आयोजन किया जाए। म.प्र आईजा के उपाध्यक्ष राजीव जैन सैनानी ने कहा कि शराब बंदी के साथ जैन तीर्थो पर भी शराब बंदी पूर्णयता बंद कराई जाए। वही उन्होने कहा कि मध्यप्रदेश में जैन आयोग का गठन सरकार द्वारा किया गया है। लेकिन अभी तक गठन की कोई कार्यवाही नही की गई है। जैन बोर्ड के गठन में मध्यप्रदेश आईजा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप बाफना को मनोनित करने की बात कही। टोंकखुर्द से सन्नी जैन ने मध्यप्रदेश पत्रकारो पर कवरेज के समय उनकी सुरक्षा व्यवस्था के लिए व्यवस्था करने की बात कही।

## पूर्व में की गई सीएम डॉ. यादव की घोषणा पर मुख्यमंत्री का किया आभार व्यक्त





**प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव ने प्रतिनिधि मण्डल को आश्वसत किया** - मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आईजा के प्रतिनिधि मण्डल से कहा कि बहुत जल्दी जैन समाज के बडें धार्मिक स्थलों व जैन तीर्थो पर शराब बंदी की जाएगी। साथ ही प्रदेश में भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याणक दिवस भी धूमधाम से मनाया जाएगा। वही जैन कल्याण बोर्ड की प्रक्रिया भी शीघ्र पूरी की जाएगी। साथ ही पत्रकारो के कवरेज के समय सरकार द्वारा उन्हें पूर्ण सरंक्षण दिया जाएगा।

**आईजा ने किया घोषणा का स्वागत** - पिछले दिनो मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने जैन साधु-साधवियो के प्रवास के दौरान शासकीय स्कूलो व आंगनबाडी केन्द्रो में उनके विश्राम के लिए पूर्ण प्रबंधन किए जाने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद आईजा ने घोषणा का आभार व्यक्त किया।

आईजा ने किया मुख्यमंत्री का सम्मान - भोपाल वल्लभ भवन ने आईजा के प्रतिनिधि मण्डल ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का स्मृति चिन्ह एंव मोहनखेडा गुरूदेव सातम ग्रुप का नववर्ष का कैलेंडर सौंपा। इस अवसर पर आईजा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीव बाफना,प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव जैन सैनानी,टोंकखुर्द से सन्नी जैन,आहान जैन सैनानी उपस्थित थें।

**भाजपा विधायक कालूराम ठाकुर का किया सम्मान** - भोपाल वल्लभ भवन में भाजपा विधायक कालूराम ठाकुर का आईजा ने स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका भी सम्मान किया। इस मौके पर आईजा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप बाफना,प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव जैन सैनानी ने कहा कि जैन समाज व आईजा के कार्यक्रमो सदैव भाजपा विधायक कालूराम ठाकुर का विशेष सहयोग व मार्गदर्शन मिलता रहा है। आईजा ने जब जब भी जैन धर्म एंव आईजा द्वारा चलाए गए कार्यक्रम के बारे अहम भूमिका निभाई है। जिससे आईजा को सदैव एक ऊर्जा मिले है। विधायक ने हमेशा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एंव प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव के द्वारा चलाए गए। लोक कल्याण कायक्रमो से आईजा को जोडा।

**राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया का दिया संदेश** - आईजा के प्रतिनिधि मण्डल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया के द्वारा चलाए गए कायक्रमो की जानकारी दी एंव डॉ मोहन यादव का आभार व्यक्त किया कि आपके द्वारा मध्यप्रदेश में जैन साधु-संतो को विहार के समय जो विश्राम की सुविधा दी है। उसके लिए धन्यवाद दिया। वही उन्होने अपेक्षा कि अन्य प्रदेशो की भांति मध्य प्रदेश में भी भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याणक महोत्सव पर शासकीय अवकाश व जैन कल्याण बोर्ड में आईजा के स्थान देने की बात कही।

## हिमालय पर्वत के कैलाश शिखर पर समाधिलीन हुए भगवान ऋषभनाथ

आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया ने बताया कि जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का जन्म चैत्र कृष्ण नौवीं के दिन सूर्योदय के समय हुआ। उन्हें ऋषभदेव जी, ऋषभनाथ भी कहा जाता है। ऋषभदेव आदिनाथ भगवान का जन्म युग के आदि में राजा नाभिराय जी के यहां पर माता मरूदेवी की कोख में हुआ था। उन्हें जन्म से ही सम्पूर्ण शास्त्रों का ज्ञान था। वे समस्त कलाओं के ज्ञाता और सरस्वती के स्वामी थे। युवा होने पर कच्छ और महाकच्छ की दो बहनों यशस्वती और सुनंदा से ऋषभनाथ का विवाह हुआ। तो वही सुनंदा ने भरत को जन्म दिया, जो आगे चलकर चक्रवर्ती सम्राट बने। उसी के नाम पर हमारे देश का नाम भारत पड़ा जैन धर्मावलंबियों की ऐसी मान्यता है। आदिनाथ ऋषभनाथ सौ पुत्रों और ब्राह्मी तथा सुंदरी नामक दो पुत्रियों के पिता बने। भगवान ऋषभनाथ ने ही विवाह संस्था की शुरुआत की और प्रजा को पहले-पहले असि सैनिक कार्य, मसि लेखन कार्य, कृषि खेती, विद्या, शिल्प (विविध वस्तुओं का निर्माण) और वाणिज्य-व्यापार के लिए प्रेरित किया। कहा जाता है कि इसके पूर्व तक प्रजा की सभी जरूरतों को क्लपवृक्ष पूरा करते थे। उनका सूत्र वाक्य था- ह्लकृषि करो या ऋषि बनो। ऋषभनाथ ने हजारों वर्षों तक सुखपूर्वक राज्य किया फिर राज्य को अपने पुत्रों में विभाजित करके दिगम्बर तपस्वी बन गए। उनके साथ सैकड़ों लोगों ने भी उनका अनुसरण किया। जब कभी वे भिक्षा मांगने जाते, लोग उन्हें सोना, चांदी, हीरे, रत्न, आभूषण आदि देते थे, लेकिन भोजन कोई नहीं देता था। इस प्रकार, उनके बहुत से अनुयायी भूख बर्दाश्त न कर सके और उन्होंने अपने अलग समूह बनाने प्रारंभ कर दिए। यह जैन धर्म में अनेक सम्प्रदायों की शुरुआत थी। जैन मान्यता है कि पूर्णता प्राप्त करने से पूर्व तक तीर्थंकर मौन रहते हैं। अतः आदिनाथ को एक वर्ष तक भूखे रहना पड़ा। इसके बाद वे अपने पौत्र श्रेयांश के राज्य हस्तिनापुर पहुंचे। श्रेयांस ने उन्हें गन्ने का रस भेंट किया। जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। वह दिन आज भी ह्लअक्षय तृतीयाह्ल के नाम से प्रसिद्ध है। हस्तिनापुर में आज भी जैन धर्मावलंबी इस दिन गन्ने का रस पीकर अपना उपवास तोड़ते हैं। इस प्रकार, एक हजार वर्ष तक कठोर तप करके ऋषभनाथ को कैवल्य ज्ञान (भूत, भविष्य और वर्तमान का संपूर्ण ज्ञान) प्राप्त हुआ। वे जिनेन्द्र बन गए। पूर्णता प्राप्त करके उन्होंने अपना मौन व्रत तोड़ा और संपूर्ण आर्यखंड में लगभग 99 हजार वर्ष तक धर्म-विहार किया और लोगों को उनके कर्तव्य और जन्म-मृत्यु के बंधन से मुक्ति पाने के उपाय बताए। अपनी आयु के 14 दिन शेष रहने पर भगवान ऋषभनाथ हिमालय पर्वत के कैलाश शिखर पर समाधिलीन हो गए। वहीं माघ कृष्ण चतुर्दशी के दिन उन्होंने निर्वाण मोक्ष प्राप्त किया।

## अजाक्स ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

एसडीएम कार्यालय पहुंचकर अवाक्स संघ के पद अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा अपनी विभिन्न प्रकार की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगाई जाए। पदोन्नति में आरक्षण हेतु मनोज गोरकेला स्पेशल काउंसलिंग मध्य प्रदेश द्वारा तैयार पद उन्नति में आरक्षण लागू किया जाए। मध्य प्रदेश में बैकलॉग की भर्तियां की जाएं। अजाक संघ की मांगों को यदि पूरा नहीं किया जाता है तो राजधानी भोपाल में प्रांतीय स्तर पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में अजाक संघ के सभी ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## स्वर्णकार समाज की महिला मंडल ने बेतवा तट तक चल समारोह निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज महिला मंडल ने चल समारोह निकाला। पार्वती जी का पूजन एक दिन पूर्व करती है दूसरे दिन झाला, फूल पाती करके बाजे गाजे के साथ बेतवा नदी तक चल समारोह निकाला जाता है।

सुहाग सामग्री एवं स्वल्पा हार सभी महिलाओं को वितरित किया गया। इस अवसर पर राधा सोनी शोभा सोनी, सुचिता सोनी, गीता सोनी, मंजू सोनी, खुशबू सोनी, मनीषा जौहरी, संजीवनी जौहरी, सपना सोनी, सीमा सोनी, वंदना सोनी, राधा सोनी, रिंकी सोनी, सीमा सोनी, सिंपल सोनी, मेघा सोनी, शिवानी सोनी, रेखा सोनी, विनीता सोनी, संपत सोनी, अनु सोनी, रंजना सोनी, भारती सोनी, हेमा सोनी, आशा सोनी, गड्डी सोनी, मेघा सोनी, मोनिका सोनी, सोनिया सोनी, नीतू सोनी, सुशील सोनी, समाज की अन्य वरिष्ठ महिलाएं भी उपस्थिति रहीं।

## हिन्दू नव-वर्ष के उपलक्ष्य पर भाजपा कार्यालय में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन

**सागर।** धर्म श्री स्थित संभागीय भाजपा कार्यालय में मंगलवार को हिंदू नव-वर्ष विक्रम संवत 2082 के उपलक्ष्य में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन हुआ। आयोजन में मानस मंडली के सदस्य जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं सहित धर्म प्रेमी बंधु शामिल हुए। जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने श्री राम दरबार एवं श्री हनुमान जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया इसके बाद मंडली प्रमुख द्वारा संगीतमय पाठ की शुरुआत वंदना स्तुति के साथ की गई। संगीतमय सुंदरकांड पाठ में बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा पाठ किया। इस बीच चौपाइयों की गूंज से कार्यालय परिसर सहित आसपास के क्षेत्र में वातावरण पूरी तरह भक्ति मय हो गया। आयोजन के विसर्जन उपरांत प्रसादी वितरण किया गया। इस अवसर पर सागर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार पूर्व जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठीया, जाहर सिंह, शशी कैथोरिया, वीरेंद्र पाठक, जगन्नाथ गुरैया, लक्ष्मण सिंह, चैन सिंह, रामेश्वर नामदेव, नवीन भट्ट, देवेंद्र फुसकेले, निकेश गुप्ता, देवेंद्र कटारे, श्रीकांत जैन, आकाश सिंह राजपूत, नेवी जैन, प्रतिभा चौबे, त्रप्ति बाबू सिंह, डॉ.निवेदिता रत्नाकर नेहा जैन मनीषा विनय मिश्रा, सुषमा यादव, सविता जिनेश साहू, दीपा तिवारी,अमित बैसाखिया, नीरज यादव, नीलम अहिरवार, मनीष चौबे, विक्रम सोनी, विवेक मिश्रा, पवन यादव, राजेन्द्र उपाध्याय, पार्षद रीतेश तिवारी, नरेश यादव, राजेश केसरवानी, संजय चौबे, मीरा चौबे, बालकृष्ण सोनी, अंशुल हर्षे प्राशुक जैन, अंशुल सिंह परिहार, सर्वजीत सिंह, नितिन सोनी, मनोज रैककवार, सुमित सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कलश यात्रा आज

**विदिशा।** मालवीय मोहल्ला श्रद्धानंद पथ, आलोक अशोक जौहरी भवन के पास स्थित मनोकामना पूर्ण नवदुर्गा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए आज सुबह 9 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। जो दशहरा वाले हनुमान मंदिर (आर्य समाज) के पास से प्रारंभ होकर मंदिर स्थल तक पहुंचेगी। इस नवदुर्गा प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य यजमान ठाकुर सुरेंद्र सिंह कुशवाह हैं। अन्य यजमान अभिनव पांडे, पुरुषोत्तम सोनी, रवि मालवीय हैं।

## करारिया पुलिस ने 90 लीटर अवैध शराब जब्त की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

एसपी के निर्देशन में अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध सख्त अभियान चलाया जा रहा है। थाना करारिया पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है।

पुलिस ने ग्राम सतपाड़ा सराय में आरोपी अमान सिंह अहिरवार के घर के पास स्थित टपरे से 10 पेटी (90 लीटर) अवैध देशी शराब बरामद की। बरामद शराब की अनुमानित कीमत 55 हजार आंकी गई है। िदिशा पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में जिले में अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे एवं नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के मार्गदर्शन में थाना करारिया पुलिस को तस्करों के विरुद्ध कठोर कदम उठाने के निर्देश दिए गए थे। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पुलिस ने सतपाड़ा सराय में छापामार कार्रवाई की। इस दौरान अमान सिंह अहिरवार पुत्र हल्कूराम अहिरवार उम्र 40 वर्ष के घर के पास स्थित टपरे से 10 पेटी अवैध देशी शराब बरामद की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## जल गंगा संवर्धन के तहत जन जागरुकता रैली निकाली

**सागर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड खुरई द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गांव-गांव में जन जागरूकता हेतु रैली एवं अन्य गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में आज नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति महुनाजट द्वारा ग्राम दलपतपुर में जल संरक्षण हेतु जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक धर्म नाड़ीवाल द्वारा उपस्थित बच्चों एवं ग्राम वासियों को जल गंगा संवर्धन की जानकारी देते हुए कहा कि हमें आने वाले दिनों में जल संरक्षण करना है, एवं जल को व्यर्थ नहीं बहना है ज्यादा से ज्यादा जल संरक्षित करके रखना है जिससे गर्मी में पानी की समस्या ना हो और यदि हम आज जल संरक्षित करेंगे तो आने वाली पीढ़ी को हम जल उपलब्ध करा सकते है। इसके बाद ग्राम में जल संरक्षण के नारे लगाते हुए जागरूकता रैली निकल गई रैली में बच्चे, ग्रामवासी, नवापुर संस्था के अध्यक्ष राजकुमार सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य था पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को नई ऊर्जा और दिशा देना, ताकि हम सब मिलकर पार्टी की शक्ति को और मजबूत कर सकें।

बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष महाराज सिंह दांगी, शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा, विदिशा विधानसभा विधायक मुकेश टंडन , कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तोरण सिंह दांगी, और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता, जिला पदाधिकारी, देवखजुरी मंडल अध्यक्ष अतुल यादव रामगढ़ एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भी मौजूद थे। बैठक में कहा गया कि हमारा लक्ष्य केवल एक है एकजुट होकर पार्टी की शक्ति को और भी मजबूत करना और आगामी चुनावों में पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना। सब मिलकर एक टीम के रूप में काम करें और प्रत्येक कार्यकर्ता को प्रेरित करें ताकि हम अपने क्षेत्र की सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक तरक्की में अपना योगदान दे सकें।

आने वाले समय में हम सभी मिलकर संगठन को और सशक्त बनाएंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि हर कार्यकर्ता का प्रयास पार्टी की जीत में बदलें। वक्ताओं ने कहा कि यह यात्रा हम सब की है, और हम सब एक साथ मिलकर इसे सफलता की नई ऊंचाइयों तक लेकर जाएंगे।

## विश्व जागरुकता दिवस: बच्चा अगर अपनी मां को देखकर न मुस्काए तो हो सकती है ऑटिजम की शंका: डॉ नीति अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा





मेडिकल कॉलेज के शिशु विभाग एवं आईएपी, विदिशा तथा आईएमए विदिशा के संयुक्त तत्वावधान में मेडिकल स्टूडेंट के लिए विश्व ऑटिजम जागरूकता अभियान के अंतर्गत संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

प्रदेश की पूर्व अध्यक्ष एवं शिशु विभाग की अध्यक्ष डॉ नीति अग्रवाल ने सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए बताया कि ऑटिजम एक मानसिक समस्या है जिसमे बच्चे अपने आप में लीन रहते हैं। अपने आप में मस्त रहते हैं यह बीमारी नहीं बल्कि एक सामान्य मानसिक स्तिथि से थोड़ी भिन्न मानसिक अवस्था है। जिसमें बच्चे नजरों से नजरें नहीं मिलाते और मां को देखकर मुस्कुराते भी नहीं है तथा दूसरे बच्चों या समाज में घुलने मिलने में कठिनाई महसूस करते हैं उनको अकेलापन ज़्यादा पसंद होता है। पीड़ित बच्चों में थोड़ी से लेकर गंभीर समस्या हो सकती है। इसलिए इसे ऑटिजम स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर के नाम से जानते हैं। इस लकलीफ़ से पीड़ित बच्चों के शीघ्र निदान से अच्छे परिणाम मिलते हैं।

उन्होंने बताया की 18-24 माह की उम्र ऑटिजम का निदान उपरांत उपचार प्रारंभ करने से अपेक्षित परिणाम प्राप्त होते हैं। विदिशा के समस्त शिशु रोग विशेषज्ञ एवं समस्त चिकित्सकों से अनुरोध है कि ऑटिजम से पीड़ित बच्चों को नजरअंदाज न करें और समय रहते उन्हें उपचार उपलब्ध कराने का प्रयास करें। आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष तथा आईएपी विदिशा के अध्यक्ष डॉ एम के जैन ने बताया कि ऑटिजम की विश्व व्यापी जागरूकता से हमारे देश में भी 1-2% बच्चे इससे पीड़ित मिल रहे हैं। इस बीमारी को नियंत्रण में रखने के लिए इस वर्ष की थीम "न्यूरो डाइवर्सिटी मतलब दिमाग की सामान्य स्तिथि से भिन्न अवस्था वाले बच्चों को आगे बढ़ाते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ के सतत विकास लक्ष्यों से सामंजस्य स्थापित करते हुए समावेशी समाज के निर्माण में योगदान देना ही है।

## करिश्मा दुबे ने की 66% अंकों के साथ एमबीबीएस फाइनल परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण

**विदिशा।** एमबीबीएस फाइनल का परीक्षा परिणाम मप्र मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी जबलपुर द्वारा घोषित किया गया। अटल बिहारी मेडिकल कॉलेज की छात्रा बामनखेड़ा निवासी घनश्याम दुबे की सुपुत्री करिश्मा दुबे ने 66% अंकों के साथ एमबीबीएस फाइनल परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। करिश्मा दुबे के सबसे बड़े भाई डॉक्टर विनय दुबे एमएस ऑर्थोपेडिक्स तथा उनसे छोटे भाई डॉक्टर दीपांशु दुबे (एमबीबीएस) गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में सेवाएं दे रहे हैं। वर्तमान में निरीक्षक घनश्याम शर्मा (दुबे) थाना प्रभारी थाना अजाक्स रायसेन पुलिस विभाग में सेवारत हैं।



## जल जीवन मिशन: लाखों खर्च के बाद भी बूंद-बूंद को तरस रहे ग्रामीण

# गर्मी की दस्तक से गहराया जलसंकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

घर-घर नल से जल पहुंचाने की शासन की नल जल योजना गांवों में दम तोड़ रही है, सालों से इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में टंकियों का निर्माण, पाइप लाइन बिछाने का काम चल रहा है, लेकिन फिर भी गांवों में लोग पानी के लिए दिन रात मशक्कत कर रहे हैं। दो दिन पहले जिला मुख्यालय के नजदीकी ग्राम बम्हौरी के लोगों ने परेशान होकर सडक़ पर उतरकर जाम लगाया था, लेकिन ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को ऐसा प्रदर्शन करने का मौका नहीं मिलता। उनकी परेशानी ना तो अधिकारियों तक पहुंचती है और ना ही वे खुद कुछ कर पाने की स्थिति में हैं।

नतीजतन ग्रामीण गर्मियों से पहले ही जल के लिए संघर्ष करते नजर आ रहे हैं। नल जल योजना के तहत लाखों खर्च कर गांवों में पानी की टंकियां बनाई गईं, बनी सडक़ों को खोदकर पाइप लाइन बिछाई गईं, लेकिन घरों तक पानी नहीं पहुंचा। योजना शुरू नहीं कर पाने के पीछे विभाग के कई कारण बताए जा सकते हैं, लेकिन असलियत तो यह है कि विभाग ग्रामीणों के घर तक जल पहुंचाने में नाकाम रहा है।

हरिभूमि संवाददाताओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर पेयजल व्यवस्था की स्थिति जानी तो हालात भयावह नजर आए। गांवों में हैंडपंप सूखे पड़े हुए हैं, तो वहीं लोग खेतों के ट्यूबवेलों से पानी ढो रहे हैं। निजी नलकूपों से पानी ढोने को मजबूर हैं।



### ये है नल जल योजना की स्थिति

| विकासखंड | स्वीकृत | पूर्ण | प्रगतिरत |
|---|---|---|---|
| उदयपुरा | 42 | 21 | 21 |
| बाड़ी | 196 | 72 | 124 |
| औबेदुल्लागंज | 180 | 71 | 109 |
| सांची | 146 | 65 | 81 |
| गैरतगंज | 79 | 57 | 22 |
| बेगमगंज | 44 | 19 | 25 |
| सिलवानी | 103 | 50 | 53 |
| कुल | 790 | 355 | 435 |

### ठेकेदार ने अधूरा छोड़ा पाइप लाइन डालने का कार्य

बेगमगंज तहसील के ग्राम घोगरी में जल जीवन मिशन के तहत टंकी का निर्माण कराया गया, गांव में पाइप लाइन भी बिछाई गई। लेकिन लोगों के घरों में आज तक पानी नहीं पहुंचा। दो साल पहले बनी टंकी अभी भी अनुपयोगी है। ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार ने पाइपलाइन का कार्य अधूरा छोड़ दिया है और ग्रामीणों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। कई बार पीएचई विभाग के अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ना तो अधिकारी स्थिति देखने आते हैं और ना ही ठेकेदार आगे का काम कर रहा है।

### टंकी का निर्माण तो किया लेकिन पानी नहीं मिला

ग्राम पंचायत नकतरा यहां दो बार नल जल योजना स्वीकृत हो चुकी हैं, टंकी का निर्माण भी हुआ, लेकिन उससे पानी आज तक नहीं आया। टंकी बने तीन साल से ज्यादा समय हो चुका है। इससे लगभग 10 साल पहले भी इस गांव में पानी की टंकी बनी थी, तब पाइप लाइन भी बिछाई गई थी, लेकिन उसका उपयोग नहीं हो सका। तीन साल पहले जो टंकी बनाई गई, वह भी उपयोग में नहीं आ रही है। विभाग के अधिकारी कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं हैं। ग्रामीण निजी नलकूपों से, खेतों से हाथ ठेलों, साइकिलों से पानी ढोकर काम चला रहे हैं।

### खेतों से पानी ढोने को ग्रामीण हो रहे मजबूर

**सिलवानी।** ग्राम पंचायत सिवनी प्रतापगढ़ इस पंचायत में लगभग 29 लाख रुपए की लागत से नल जल योजना पर काम शुरू हुआ। 40 हजार लीटर क्षमता की टंकी का निर्माण किया गया, लेकिन ग्रामीणों को योजना का लाभ नहीं मिला। ग्रामीण आज भी खेतों से पानी ढोने का मजबूर हैं। योजना के असफल होने का कारण यह है कि टंकी को गांव की बसाहट से नीचे की ओर बनाया गया, ग्रामीणों का कहना है कि मात्र एक बार ही इस टंकी से पानी आया है, जब इसकी टेस्टिंग हो रही थी। इसके बाद अभी तक पानी नहीं आया, लोग यहां वहां से पानी की व्यवस्था करते हैं।

# रघुवंशी समाज ने दिया धरना, वाहन रैली निकाल एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## एसपी को भेजा एसआई व पुलिस कर्मी को निलंबित का प्रतिवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

सांईखेड़ा ग्राम में रघुवंशी समाज के एक व्यक्ति के घर में घुस कर मारपीट करने तथा महिलाओं से अभद्रता करने से गुस्साए समाजजनों ने बुधवार को तहसील कार्यालय परिसर में धरना दिया। यहां पर एक आम सभा भी आयोजित की गई जिसे अनेक वक्ताओं ने संबोधित कर घटना की कड़ी निंदा की तथा तत्काल ही दोषी एसआई सत्येंद्र सिंह कुशवाहा व 4 अन्य पुलिस जवानों पर कठोर कार्रवाही किए जाने की मांग की। तथा एक ज्ञापन भी सौंपा

### एसडीओपी के प्रतिवेदन पर चक्काजाम समाप्त

चक्काजाम के दौरान रघुवंशी समाज ने स्पष्ट रूप से कहा कि बगैर कार्रवाही के चक्काजाम समाप्त नही किया जाएगा। जिस पर एसडीओपी अनिल मौर्य ने पुलिस अधिक्षक को एक प्रतिवेदन भेजा। जिसमें घटना का उल्लेख कर घटना में संलग्न एसआई सत्येंद्र कुशवाहा तथा पुलिस जवानों को निलंबित करने का उल्लेख किया हैं। आंदोलन में प्रदेश पदाधिकारी रघुवंशी समाज उमाशंकर रघुवंशी, शिववरण सिंह, वीरेंद्र रघुवंशी मदनपुर, ठाकुर रणजीत सिंह, नीतेश सिंह भोपाल, रामेश्वर रघुवंशी जिलाध्यक्ष, चतुर नाराण सिंह एडवोकेट, कृपाल सिंह उदयपुरा, विश्वनाथ सिंह छींद, दीपक रघुवंशी बीकलपुर, जगदीश रघुवंशी देवरी, पटेल महेश सिंह रघुवंशी, रमेश सिंह रघुवंशी बरेली, लक्ष्मी नारायण रघुवंशी गैरतगंज, भगवत सिंह मंडीदीप, घनश्याम पटेल आमदपुर, रघुवर पटेल, अजय पटेल, उत्तम सिंह खरगोन, मनोज रघुवंशी, आशीष, राममोहन पटेल मरदानपुर, सहाब सिंह पटेल रम्पुरा, सियाराम रघुवंशी उदयपुरा सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहें।



### कार्रवाई नहीं होने से किया चक्काजाम

*रघुवंशी समाज द्वारा तत्काल ही एसआई व पुलिस जवानो पर सख्त विभागीय कार्रवाही किए जाने की मांग करते हुए तहसील तिराहे पर चक्काजाम कर दिया। करीब 1 घंटे तक चले चक्काजाम से दोनो तरफ वाहने की कतार लग गई। समाजजनो की मांग है कि तत्काल ही आरोपी पुलिस कर्मियों पर सख्त कार्रवाही की जावे। ज्ञात रहे कि सिलवानी थाने में तैनात एसआई सत्येंद्र कुशवाहा व अन्य 4 पुलिस जवान रामाधार रघुवंशी, गुलशन कुमार, बृजेश सेन एवं अमित जाट द्वारा सांईखेड़ा में ब्रजेश रघुवंशी के घर में रात करीब डेढ़ बजे घुस कर मारपीट की। बचाव में आई महिलाओं से भी अभद्रता की तथा घर से जबरन उठाकर पुलिस वाहन में डाल कर ले गए तथा मारपीट करते हुए रात भर विभिन्न स्थानों पर घुमाया तथा सुबह थाने लाकर बंद कर दिया और सुबह थाने से छोड़ा। घटना के वक्त एसआई तथा पुलिस जवान नशे में चूर थे।*

## खबर संक्षेप

### पत्रकार संघ के कैलेंडर का हुआ विमोचन



**सांची।** सम्राट अशोक पत्रकार संघ द्वारा बुधवार को कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा एसपी पंकज पांडे तथा पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूसे के द्वारा विमोचन किया गया। सम्राट अशोक पत्रकार संघ सांची की हर छोटी बड़ी खबर के लिए ईमानदारी से लिखने में जाना जाता है। सम्राट अशोक पत्रकार संघ के सभी सदस्यों ने रायसेन कलेक्टर से मिलकर सांची की समस्याओं से अवगत कराया और कलेक्टर द्वारा भी पत्रकारों संघ को आश्वासन दिया गया की सांची में या आसपास के क्षेत्र में कोई भी समस्या के लिए हमको तुरंत अवगत किया जाए। पत्रकार संघ में अध्यक्ष रजनीश श्रीवास्तव, मंटू कृपाल सिंह राजपूत, योगेंद्र सिंह राजपूत, जितेंद्र शर्मा, संजय जयसवाल, धर्मेंद्र जैन और सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### राशि लेने पर रोजगार सहायक की सेवा समाप्त

**रायसेन।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत पीएम आवास स्वीकृत कराने हितग्राही जगमोहन लोधी से राशि मांगने पर ग्राम पंचायत हिनौतिया खालसा की ग्राम रोजगार सहायक रूकमणी पटेल की सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी। साथ ही रोजगार सहायक के पति लक्षमण सिंह गुर्जर, प्राथमिक शिक्षक शासकीय शाला झामर को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

# तीन दिनों से आसमान में डरावने घने बादलों का डेरा

## हजारों किसान चिंता में ग्रस्त, बढ़ी उमस की परेशानियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली।

पिछले 3 दिनों से मौसम खराब बना हुआ है। आसमान में घने बादलों का डेरा बना हुआ है। दिन में अनेक बार बारिश होने की स्थिति बनती बिगड़ती रहती है। गनीमत है कि अभी तक नर्मदा क्षेत्र आसमानी आफत के प्रकोप से बचा हुआ है। जिस प्रकार लगातार आसमान में बादलों का डेरा जमा हुआ है। उससे हजारों किसान फसलो के भविष्य को लेकर भारी चिंताग्रस्त बने हुए है।

संपूर्ण क्षेत्र के गांव-गांव में किसानो द्वारा चना, गेंहू की फसल कटाई की जा रही है। खेतो में सूची कटाई के इंतजार में फसले खडी है। वही किसानों द्वारा काट ली गई फसलें भी खेतो में पडी हुई है। ऐसे महत्वपूर्ण समय में यदि बारिश होती है, या तेज हवा चलती है तो फसलों का भारी नुकसान होने की संभावना से हजारों किसानों की निगाहें आसमान की ओर लगी रहती है।

- गेंहू फसल की कटाई थ्रेसिंग के महत्वपूर्ण समय में बिगडे मौसम ने बढ़ाई चिंता।



### अब बारिश तब बारिश

*पिछले तीन दिनों से आसमान में डरावने बादलों का डेरा बना हुआ है। बादलों की सघनता से दिन-रात भारी उमस बनी रहने से लोगो की परेशानियां बढ़ गई है। दिन में अनेक बार ऐसा लगता है कि अब बारिश होने वाली है। किसान मजदूरों के स्थान पर हारवेस्टरों से फसल कटाई और सुरक्षित उपज निकालने का युद्ध स्तर पर प्रयास करते नजर आ रहे है।*

## यात्रा जगह-जगह हुआ स्वागत

# भगवान मीनेश जयंती पर मीणा समाज ने निकाली शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

बुधवार को भगवान मीनेश की जयंती के अवसर पर शहर के पाटनदेव स्थित श्री हनुमान मंदिर से मीणा समाज बंधुओं ने विशाल शोभायात्रा निकाली। नगर के मुख्य मार्गो से होती यशवंत गार्डन पहुंची।

इस अवसर पर भगवान मीनेश की विशेष पूजा अर्चना की गई, शोभा यात्रा का नगर में जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा में जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, वरिष्ठ समाजसेवी मलखान सिंह मीणा, दातार सिंह मीणा, मिट्ठू लाल मीणा, सोनू मीणा, रघुवीर सिंह मीणा, हेमराज मीणा, राज मीणा सहित जिले भर के समाजिक बंधु शामिल हुए।

समापन पर वरिष्ठ समाजसेवियों ने सामाजिकजनो को संबोधित करते हुए मीणा समाज संगठन को मजबूती प्रदान करने एवं कुरीतियों को दूर करने पर विचार व्यक्त किए।

# सीएम राइज स्कूल बाड़ी में हुआ प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

नगर के शासकीय सीएम राइज विद्यालय में प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीईओ दुर्गेश नामदेव ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं का तिलक कर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुआ, जिसे प्रभारी प्राचार्य सुमन तिवारी ने संपन्न किया। सरस्वती वंदना सलोनी आचार्य ने प्रस्तुत की, जिसके पश्चात संस्कृतिक कार्यक्रम में मनमोहक प्रस्तुति दी।

सांस्कृतिक कार्यक्रम और विद्यालय में उपस्थिति और परीक्षा परिणाम में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को बीईओ और प्राचार्य द्वारा प्रमाण पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित कियाा। इसके साथ ही, कक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया गया। समस्त विद्यालय स्टाफ ने इस आयोजन में सहभागिता की।




प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन सलोनी आचार्य और अरविंद शर्मा ने किया। एनसीसी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए 12 एमपी बटालियन एनसीसी, भोपाल द्वारा क्यू एचएम शुमायला अली को रु 2000, सार्जेंट मनीष विश्वकर्मा को रु 1500 एवं सार्जेंट कृतिका यादव को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही इन कैडेट्स को विद्यालय प्राचार्य द्वारा भी प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य सुमन तिवारी एवं शिक्षकगण अजय कुमार शर्मा, एसआर मालवीय, देवेंद्र नोरिया, शिवाजी तोमर, अरविंद कुमार शर्मा, नेहा लिटौरिया, सोनू बघेल, रेखा यादव, अनीता भावसार, किरण मरावी, आरजू चौहान, दीप्ति शर्मा, शोभाराम रघुवंशी, राधेलाल चौहान, आरती साहू, पुष्पा धाकड़ आदि उपस्थित रहे।

# शा.बालक हासे में प्रवेशोत्सव तथा भविष्य से भेंट कार्यक्रम

## पूर्व छात्र बिदुआ का स्कूल ने किया सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली।

शा. बालक हा.से. में चार दिवसीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रथम दिवस छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर पुष्प भेंट कर स्वागत किया तो दूसरे दिन भविष्य से भेंट कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं का अतिथियों द्वारा मार्गदर्शन किया। बालक हा.से. के पूर्व छात्र, नपं. के पूर्व उपाध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेश बिदुआ का विद्यालय की ओर से प्राचार्य केके बानी द्वारा शॉल ओढा कर सम्मान किया।

प्रवेशोत्सव के दूसरे दिन छात्र-छात्राओं को भविष्य से भेंट कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पत्रकार सुरेश बिदुआ, नपं. के सीएमओ हरिशंकर वर्मा, कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य के.के.बानी, एवं व्याख्याता डीएस राजपूत, कलेक्टर प्रतिनिधी सिंचाई विभाग की एसडीओ प्राची श्रीवास्तव द्वारा सरस्वती की पूजन, आरती से शुभारंभ किया गया। डीएस राजपूत एवं प्राचार्य केके बानी ने शाला की गतिविधियों और शिक्षा नीति, शिक्षण व्यवस्थाओं एवं बालक हा.से. स्कूल के कायाकल्प कक्षों के नव निर्माण की जानकारी दी। एसडीओ प्राची श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं से मन लगाकर अध्ययन और शिक्षा से अपना भविष्य संवारने का आग्रह किया।

### सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं: बिदुआ

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सीएमओ हरिशंकर वर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं से विद्यालय आने का आग्रह किया और शिक्षा विभाग की योजनाओं का लाभ उठाने निरंतर आगे बढने की शुभकामनाएं की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिदुआ ने कहा कि कक्षा प्रथम से इसी विद्यालय में हा.से. की सर्वोच्च अंको के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की। कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। नियमित विद्यालय आना, अध्ययन और ज्ञान का जिज्ञासु होने के साथ अपने जीवन का लक्ष्य बना कर पढाई करने से ही किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त की जा सकती है। कहा कि छात्र जीवन का उद्देश्य सिर्फ पढाई है। छात्र-छात्राओं से चरित्रवान, ज्ञानवान, संस्कारवान बन कर लक्ष्य प्राप्त करने के साथ सर्वोच्च अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाने का आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन राजेश हजारी ने किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष जेपी ठाकुर की विशेष उपस्थिति रही।

## 100 में मिलने वाले मटके 150, 250 तक बिक रहे नल वाले मटके

# गर्मी बढ़ते ही मटके और सुराही की सजने लगी दुकानें

- बाजार में मटके-सुराही की बिक्री ने पकड़ा जोर
- पिछले साल की अपेक्षा इस बार दोगुनी बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

गर्मी का सितम दिखाई देने लगा हैं, मौसम में हो रहे बदलाव से सुबह व रात्रि में हल्की सर्दी का अहसास हो रहा है। जबकि दोपहर में तेज धूप के चलते तीखी गर्मी का सामना लोगो को करना पड़ रहा हैं। गर्मी बढ़ने के साथ नही नगर में मिटटी से बने मटको, सुराही की दुकाने सज गई हैं। होली के बाद अब गर्मी बढ़ते ही बाजार में मटके-सुराही की बिक्री ने जोर पकड़ लिया है। नगर में प्रति बुधवार को लगने वाले हाट बाजार में बड़ी संख्या में प्रजापति समाज के लोग मटका- सुराही की दुकाने लगाते है।

मटकों व सुराहियों के दाम में पिछले साल की अपेक्षा इस बार दोगुना बढ़ोतरी हुई है। हालांकि इसका सीजन अभी ठीक तरह से शुरू भी नहीं हुआ। फिर भी 100 रुपए के मिलने वाले मीडियम आकार के मटके 150 रुपए, नलवाले 2 सौ से लेकर 250 रुपए तक मिल रहे। सुराही के भी दाम चढ़े हैं। 150 से लेकर 250 तक बिक रही हैं।



### महंगाई के कारण कीमतें बढ़ी, 5 प्रतिशत बिक्री ही शुरू हुई

हाट बाजार में मटके सुराही की दुकान लगाने वाले नर्मदा कुषवाहा ने बताया अभी सिर्फ 5 प्रतिशत बिक्री शुरू हुई है। महंगाई की मार ऐसी है कि सबकी कीमतें बढ़ गईं।

मिट्टी के इन बर्तनों को बनाने, पकाने, उनकी रंगकारी करने व रखरखाव में हमें बड़ी हिफाजत करनी पड़ती है। कौशल प्रसाद ने बताया कि गर्मी बढ़ने की वजह से ठंडे पानी के लिए लोग मटका-सुराही तो खरीद ही रहे मिट्टी के बने किचन के बर्तन भी ले रहे हैं। उन्होंने बताया मिट्टी के बने बर्तनों में उनके पास चपाती बनाने वाला तवा, पानी के गिलास, कड़ाही आदि भी हैं।

### मटके का पानी स्वास्थ्य के लिए लाभदायक

गर्मी का सितम बढ़ने के साथ ही नगर व अंचल में मिटटी से बने मटको, सुराही आदि की मांग बढ़ने लगी हैं। सबसे ज्यादा नल लगे मटके व सुराही लोगो के द्वारा पसंद की जा रही है। लोगों का कहना हैं कि मटके का पानी स्वास्थ्य के लिए लाभ दायक माना जाता है। जबकि प्रिज में रखा पानी शरीर के लिए नुकसान दायक होता है।

# आरटीओ को निर्देश, यात्री बसों समेत अन्य वाहनों की नियमित करें जांच

## कलेक्टर की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

बुधवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा ने गत बैठक में दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट पर दुर्घटनाओं को रोकने दिए निर्देशों के परिपालन में संबंधित विभागों द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी ली। उन्होंने एनएचएआई तथा एमपीआरडीसी को निर्देश दिए कि चिन्हित सड़क मार्गो पर केट आई तथा रंबल स्ट्रिप लगाए जाएं।

कलेक्टर ने बैठक में उमरिया जोड़, सेंडोरा चौकी बायपास जोड़, रतनपुर तिराहा, मंडीदीप-सतलापुर तिराहा ब्रीज सहित अन्य चिन्हित सड़क मार्गो पर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने तथा यात्रियों को सुविधा हेतु दिए गए निर्देशों के अनुरूप कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।




जिला परिवहन अधिकारी को यात्री बसों सहित अन्य वाहनों की नियमित जांच कर फिटनेस प्रमाण पत्र, मेडिकल किट सहित अन्य मापदंडों का पालन कराने निर्देश दिए। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही सभी स्कूलों के वाहनों की जांच कर वाहनों में तय मापदंड अनुसार सीसीटीवी, पैनिक बटन, स्पीड गर्वनर सहित आवश्यक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं।

एसपी पंकज पाण्डे ने निर्देश दिए कि मुख्य मार्गो के किनारे स्थित स्कूलों के समीप सड़क किनारे स्कूल साइन बोर्ड, धीमी गति से वाहन चलाएं के बोर्ड लगाए जाएं।